तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **हिम्मत सिंह गहलोत** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353166937600107	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
25/11/25	अपीलार्थी हिम्मत सिंह गहलोत निवासी सुलिया बाग चौखा बाईपास रोड़, चौपासनी, जोधपुर द्वारा सूचना का अधिकार के तहत लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रार्थना पत्र दिनांक 10.09.2025 प्रस्तुत कर जोधपुर तहसील के ग्राम गेंवा के जमाबंदी/खसरा गिर्दावरी/खाता–खातौनीः खसरा नं. 867/12, 867/1, 867/7, 867/10, 867/11, 867/13, 867/15, 867/17, 867/37 ग्राम गेंवा, नवीनमत चालू वर्ष एवं विगत 30 वर्ष एवं विगत 30 वर्ष (या रिकॉर्ड उपलब्धता के आरंभ से) तक की पूरी प्रविष्टियां उपलब्ध करवाने तथा अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना चाही है तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा वांछित सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.11.25 17:47:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19037631